प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में चुनावी सभा को संबोधित किया। जनसभा में उन्होंने कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो वालों ने भ्रष्टाचार से नोटों के अंबार खड़े किए हैं, उनके पार्टी के लोगों ने नक्सलियों एवं माओवादियों की तरह उद्योगपतियों से धन की उगाही करतीं हैं। श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के भविष्य को सशक्त बनाने, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों का उज्ज्वल भविष्य तय करने, देश की अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, कृषि, राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को उन्नत करने का चुनाव है। प्रधानमंत्री ने खरसावां गोलीकांड का भी मुद्दा उठाया।

****

देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग संसदीय सीट पर 20 मई को होनेवाले मतदान को लेकर रामगढ़ जिले में भी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

****

भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष सह चंदन कियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी ने कल जमशेदपुर में पत्रकारों से कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है। मंत्री आलमगीर आलम ईडी के गिरफ्त में हैं। नोटो का बंडल जिस तरह से पकड़ा गया, उससे एक बार फिर झारखंड शर्मशार हुआ है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि इस सरकार में दलितों को सिर्फ अपमानित किया गया है।

****

सिंहभूम चैम्बर की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चैम्बर भवन बिष्टुपुर से बाईक और कार रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान चैम्बर सदस्यों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'पहले मतदान–फिर जलपान', 'स्लोगन के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया।

****

पलामू में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 15 लाख के इनामी नीतेश यादव के दस्ते में शामिल नक्सली कामेश्वर यादव को गिरफ्तार किया है।

****

जामताड़ा महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सामान्य कोर्स की पढ़ाई के साथ ही अब सिविल सेवा परीक्षा की भी तैयारी कराई जा रही है। महाविद्यालय के शिक्षकों के समूह द्वारा प्रतिभावान छात्राओं को परीक्षा को लेकर तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारियां दी जा रही है।

****

रेलवे सुरक्षा बल ने हटिया रेलवे स्टेशन से 34 लाख 50 हजार रुपये के गांजा के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी बिहार के भभूआ और कैमूर की रहने वाली हैं।

****

राजधानी रांची के चुटिया थाना में रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के खिलाफ कल आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला अरगोड़ा सीओ ने चुटिया थाना में दर्ज कराया है। इस मामले में डीएसपी सिटी कुमार वेंकटेश रमन ने कहा कि संजय सेठ के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। उनपर सीओ अरगोड़ा ने आचार संहिता के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने आंधी के साथ वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है जबकि पलामू और संताल प्रमण्डल में हीट वेव की चेतावनी जारी की है।

****

आईपीएल क्रिकेट में, आज दोपहर बाद तीन बजकर 30 मिनट से सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा जबकि शाम साढे सात बजे राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने–सामने होंगे।

******समाप्त******